SAWNEE ELECTRIC MEMBERSHIP CORPORATION
(सांनी इलेक्ट्रिक मेम्बरशिप कॉरपोरेशन)

पॉलिसी संख्या. **401**

विषय: कोऑप्रेटिव जानकारी तक सदस्य की पहुँच

I. उद्देश्य

A. प्रतिबंध या शर्त के बगैर नियमित रूप से सदस्यो के लिए उपलब्ध जानकारी का प्रकार स्थापित करना;

B. केवल कोऑप्रेटिव के साथ अच्छी स्थिति रखने वाले सदस्य के उचित लिखित अनुरोध पर उपलब्ध जानकारी का प्रकार स्थापित करना;

C. जानकारी का प्रकार स्थापित करना जिसे कोऑप्रेटिव के बेहतर हित में गोपनीय रखना आवश्यक है और सदस्यों को उपलब्ध नहीं करवाई जा सकती है।

II. पॉलिसी

A. सामान्य

1. Sawnee Electric Membership Corporation (इसके बाद यहां "कोऑप्रेटिव" कहा गया है) का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स विशेषाधिकार प्राप्त, गोपनीय या स्वाधिकृत जानकारी को उचित रूप से सुरक्षित रखते हुए कोऑप्रेटिव की प्रचालन और वित्तीय स्थिति के बारे में कोऑप्रेटिव के सदस्यो को सूचित रखने का प्रयास करेगा।

2. इस उद्देश्य के लिए कोऑप्रेटिव नियमित तौर पर जानकारी को विभिन्न तरीकों से उपलब्ध करवाएगा, जिनमें शामिल हैं: इसके न्यूजलैटर, वेबसाइट, जॉर्जिया पब्लिक सर्विस कमीशन को पब्लिक फाइलिंग जमा करने के माध्यम से, कोऑप्रेटिव के ऑफिस और इसके स्टाफ के माध्यम से उपलब्ध जानकारी और सदस्यों की मीटिंगों में प्रस्तुत रिपोर्टें।

B. सार्वजनिक रूप से उद्घाटित सूचना

1. इस नीति के आगे बढ़ने के कार्य में कोऑप्रेटिव यहाँ उल्लेखित की गई निम्नलिखित जानकारी की प्रतियां बगैर शुल्क उपलब्ध करवाएगा:

   a. कोऑप्रेटिव के निगमन, उपनियमों, दरों, शुल्क और फीस, सेवा नियमों और विनियमों के लेख और वार्षिक रिपोर्टें:

   b. विद्यत ऊर्जा के कुशल या सुरक्षित उपयोग से संबंधित कोई प्रकाशन जो कोऑप्रेटिव के पास सामान्य वितरण के लिए है, कोऑप्रेटिव के ऊर्जा उपयोग और संरक्षण प्रोग्राम और इस तरह के अन्य;

c. पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही की समेकित प्रचालन जानकारी जो कोऑप्रेटिव के वर्तमान लेखा अवधि के लिए जारी करने हेतु बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमादित है;

d. कोऑप्रेटिव के पिछले तीन (3) वित्तीय वर्षों की वर्ष-समाप्ति की प्रचालन और अन्य वित्तीय रिपोर्टें जो रूरल यूटिलिटीज सर्विसेज (RUS), इंटरनल रेवेन्यु सर्विस (IRS) और/या नैशनल रूरल यूटिलिटीज कोऑप्रेटिव फाइनेंस कॉर्पोरेशन में नियमित रूप से जमा की गई हैं।

e. स्वतंत्र ऑडिटरों द्वारा समय-समय पर दाखिल की गई औपचारिक ऑडिट रिपोर्टें;

f. किसी वार्षिक या डिस्ट्रिक्ट मेंबर मीटिंग के मिनट जो अनुरोध से दस (10) वर्ष पहले तक हुई हैं।

C. संरक्षित जानकारी

1. नीचे वर्णित शर्तों और सीमाओं के शर्ताधीन निम्नलिखित जानकारी को संरक्षित समझा जाएगा और केवल Sawnee EMC सदस्यों को, जो कोऑप्रेटिव के साथ अच्छी स्थिति में हैं, ऐसे सदस्य द्वारा संलग्न फार्म पर लिखित अनुरोध करने और यहां सूचिबद्ध अन्य प्रतिबंधों के अनुसार उपलब्ध करवाया जा सकता है:

a. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की किसी पूर्व मीटिंग के सामान्य मिनट;

b. प्रबंधन द्वारा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को प्रस्तुत की गई मासिक या अन्य विशेष प्रचालन और वित्तीय रिपोर्टें;

c. कोऑप्रेटिव सदस्यों के नाम, पते, टेलीफोन नम्बर और ईमेल एड्रेस; और

d. किसी सदस्य के हित से संबंधित अन्य कोऑप्रेटिव जानकारी।

D. जानकारी पर प्रतिबंध

1. निम्नलिखित कारणों से संरक्षित जानकारी तक पहुँच के लिए इन्कार किया जा सकता है;

a. यदि इस तरह के अनुरोध को एक गैर-कानूनी उद्देश्य के लिए समझा जाए, यदि कोऑप्रेटिव के साथ सदस्य अच्छी स्थिति में नहीं हैं, या:

b. सदस्य संलग्न सूचना के लिए अनुरोध फार्म को पूरा करके हस्ताक्षर करने में विफल रहता या इन्कार करता है या उसमें वारंटी या अभ्यावेदन निर्दिष्ट करता है; या

c. यदि अनुरोध ऐसे उद्देश्य के लिए है जो तर्कसंगत रूप से कोऑप्रेटिव के व्यवसाय से संबंधित नहीं है; या

d. यदि अनुरोध एक कपटपूर्ण उद्देश्य, या केवल उत्सुकता शांत करने, या कोऑप्रेटिव के वैध हितों के प्रतिकूल, या ऐसे उद्देश्य के लिए है जो तर्कसंगत रूप से सदस्य के यथोचित हित को सार्थक नहीं करता है; या

e. सदस्य एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इन्कार करता है जो ऐसी सूचना को उसके द्वारा कानूनसम्मत उपयोग करने तक प्रतिबंधित करता है जो कोऑप्रेटिव, इसके सदस्यों या कर्मचारियों के वैध हित की सुरक्षा के लिए आवश्यक है; या

f. यदि अपेक्षित सूचना की प्रकृति इस प्रकार है कि यदि प्रकट की जाए तो यह प्रकटीकरण एक व्यक्ति के गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन करता है, कारोबार रहस्यों के संबंध में तृतीय पक्षों के साथ किसी अनुबंध का उल्लंघन करता है या तृतीय पक्षों के साथ कोऑप्रेटिव की बातचीत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है; या

g. यदि अपेक्षित सूचना की प्रकृति इस प्रकार है कि यदि प्रकट की जाए तो यह प्रकटीकरण ऐसी सूचना की जाँच करने की अनावश्यक माँग करने वाले सदस्य के संभावित प्रतिस्पर्धा हित के अनुपात में कोऑप्रेटिव पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा; या

h. यदि अपेक्षित सूचना की प्रकृति इस प्रकार है कि यदि प्रकट की जाए तो यह प्रकटीकरण कोऑप्रेटिव और इसके अटॉर्नी के मध्य गोपनीय बातचीत के विशेषाधिकार का उल्लंघन करता है; या

i. यदि अनुरोध की गई जानकारी कारोबार रहस्यों या अन्य जानकारी से संबंधित है जो विशेषाधिकार प्राप्त, गोपनीय या स्वाधिकृत है।

2. कोऑप्रेटिव इस नीति के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकट की गई सूचना के अनाधिकृत प्रकाशन के परिणामस्वरूप किसी भी उत्तरदायित्व को अस्वीकार करता है और इसके अंतर्गत उपलब्ध करवाई गई जानकारी को वापस माँग सकता है। इसके अतिरिक्त, किसी अनुरोधकर्ता पक्ष को उपलब्ध करवाई गई ऐसी सूचना उनके उपयोग करने की समाप्ति के बाद वापस करनी पड़ सकती है।

E. <u>अनुरोध करने का तरीका</u>

1. इसके अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित जानकारी के रूप में सूचीबद्ध सूचना के अनुरोध के लिए आवश्यक है:

a. संलग्न सूचना के लिए अनुरोध फार्म का उपयोग करते हुए, एक्ज्यूकेटिव कमेटी और कोऑप्रेटिव के प्रेजीडेंट और चीफ एक्ज्युकेटिव ऑफिसर के पते पर लिखित रूप में जमा किया जाए (देखें दस्तावेज "A")।

b. अनुरोध में सूचना की आवश्यकता को स्पष्ट रूप में प्रकट किया जाए।

F. अनुरोध समीक्षा

1. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की एक्ज्यूकेटिव कमेटी एक उचित समयावधि में जो तीस (30) दिन से अधिक नहीं होगी, अनुरोध की समीक्षा करेगी और विचार करने के बाद यदि यह निर्धारित करती है कि जानकारी के लिए अनुरोध प्रामाणिक है और इस नीति द्वारा स्थापित मानदंड को पूरा करता है, तो प्रेजीडेंट और चीफ एक्ज्युकेटिव ऑफिसर को, एक निश्चत समय के अंदर, जो यह अनुरोधकर्ता पक्ष को उपलब्ध करवाएगा और इसके द्वारा निर्धारित स्वीकार्य प्रारूप में, सूचना उपलब्ध करवाने का निदेर्श दे सकती है।

2. अन्यथा, एक्ज्युकेटिव कमेटी अनुरोध को विचार और कार्रवाई करने के लिए संपूर्ण बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को भेज सकती है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ऐसे अनुरोध पर इतना समय ले सकता है जो यह पूरी तरह मूल्यांकन और विचार करने के लिए आवश्यक समझता है।

G. स्वयं की जानकारी के लिए अनुरोध

1. जब एक सदस्य स्वयं अपनी सदस्य जानकारी जारी करने के लिए अनुरोध करता/ती है तो सदस्य को उचित और विशिष्ट जानकारी कोऑप्रेटिव को उपलब्ध करवाते हुए स्वयं की पहचान प्रदर्शित करनी होगी।

2. ऐसी उचित और विशिष्ट जानकारी में शामिल हैं परन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं, कोऑप्रेटिव अकाउंट नम्बर, सदस्य नम्बर, हस्ताक्षर की प्रतिकृति या इनका संयोजन।

3. सदस्य की पहचान की पुष्टि होने के बाद सदस्य संलग्न सदस्य सूचना जारी करने का प्राधिकार फार्म पूरा करके कोऑप्रेटिव को विशिष्ट और आवश्यक सदस्य जानकारी कंपनियों और/या व्यक्तियों को जारी करने के लिए निर्देशित कर सकता/ती है। (देखें दस्तावेज़ "B")

H. उपलब्ध करवाने की लागत

1. कोऑप्रेटिव विवेक बुद्धि के अंतर्गत, बगैर लागत, एक निश्चत समय के अंदर जो यह अनुरोधकर्ता पक्ष को उपलब्ध करवाएगा, और इसके द्वारा एक निर्धारित स्वीकार्य प्रारूप में, उपरोक्त पैरा II.A में सूचीबद्ध सत्य और सही प्रतियों के साथ-साथ अन्य मद प्रस्तुत या संचारित करेगा जो कोऑप्रेटिव के पूर्ण विवेकाधिकार में प्रतियां बनाने या संचारित करने की केवल न्यूनतम लागत आवश्यक होगी।

2. एक सदस्य को प्रतियां या अन्यथा अनुरोध की गई जानकारी संचारित करने की सभी लागत वहन करनी होगी। यह प्रति बनाना और/या संचारण कोऑप्रेटिव द्वारा निर्धारित अनुसार किया जाएगा।

I. संबद्ध

1. इसमें निहित किसी भी विपरीत तथ्य के होते हुए भी कोऑप्रेटिव के विवेकाधिकार में इसके एजेंटों और संबद्ध इकाइयों को सूचना उपलब्ध करवाने का अधिकार सुरक्षित है जब तक, ऑप्रेटिव की एकमात्र राय में, ऐसी जानकारी कोऑप्रेटिव के प्रचालन से संबंधित गतिविधियों के साथ सुसंगत है।

III. उत्तरदायित्व

A. इस नीति को व्यवस्थापित करने का उत्तरदायित्व प्रेजीडेंट और चीफ एक्ज्युकेटिव ऑफिसर का होगा। प्रेजीडेंट और चीफ एक्ज्युकेटिव ऑफिसर इसके अंतर्गत उपरोक्त उल्लेखित पैरा II.B में सूचीबद्ध जानकारी के अनुरोधों के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की एक्ज्युकेटिव कमेटी को रिपोर्ट करेंगे।

B. विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी के लिए अनुरोधों की समीक्षा करने का उत्तरदायित्व एक्ज्युकेटिव कमेटी पर होगा और यदि यह आवश्यक समझे तो अनुरोध कर कार्रवाई कर सकती है या अनुरोध को संपूर्ण बोर्ड के पास भेज सकती है।

C. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का प्रत्येक सदस्य संपूर्ण बोर्ड द्वारा चर्चा से पूर्व इस नीति के किसी उल्लंघन के लिए एक्ज्युकेटिव कमेटी का ध्यान आकर्षित करने के लिए जवाबदेह होगा।

अपनाया गया: मार्च 15, 1984

संशोधित:	अक्तूबर 18, 1990		
	अप्रैल 18, 1991		
	सितम्बर 19, 1991		
	अप्रैल 16, 1992		
	जुलाई 21, 1994	प्रभावी:	जुलाई 21, 1994
	दिसम्बर 17, 1998		जनवरी 1, 1999
	मार्च 18, 2004		मई 1, 2004
	मई 18, 2006		मई 19, 2006
	नवम्बर 15, 2007		नवम्बर 15, 2007
	सितम्बर 16, 2010		सितम्बर 17, 2010
	अगस्त 18, 2011		अक्तूबर 1, 2011

SAWNEE ELECTRIC MEMBERSHIP CORPORATION
(सांनी इलेक्ट्रिक मेम्बरशिप कॉरपोरेशन)

दस्तावेज़ "A"

<u>जानकारी के लिए अनुरोध</u>

TO: Executive Committee and President and Chief Executive Officer of
Sawnee Electric Membership Corporation
P. O. Box 266
543 Atlanta Road
Cumming, Georgia 30028

महोदय:

Sawnee Electric Membership Corporation की नीतियों के अनुसार, मैं एतद् द्वारा Sawnee Electric Membership Corporation की विशिष्ट बुक, रिकॉर्ड और जानकारी की जाँच और निरीक्षण करने के लिए अनुरोध जमा करता/ती हूँ और आश्वासन, प्रतिवेदन और प्रमाणित करता/ती हूँ कि:

1. मैं कोऑप्रेटिव के साथ अच्छी स्थिति में एक सदस्य हूँ। कोऑप्रेटिव के रिकॉर्ड में प्रदर्शित मेरा पूरा नाम, पता, टेलीफोन नम्बर और सदस्य अकाउंट नम्बर इस प्रकार है:

____
(नाम)

____
(पता) (शहर) (राज्य) (जिप)

____
(टेलीफोन नम्बर) (कोऑप्रेटिव अकाउंट नम्बर)

2. कोऑप्रेटिव जानकारी जिसे मैं जाँचने और निरीक्षण करने का इच्छुक हूँ:

____

____

____

____

3. इस जानकारी को जाँचने और निरीक्षण करने का उद्देश्य है:

____

____

____

____

4. यह जाँच और निरीक्षण ऐसे उद्देश्य के लिए है जो तर्कसंगत रूप से कोऑप्रेटिव के व्यवसाय से संबंधित है।

5. मैं जानता/ती हूँ कि सूचना के लिए मेरे अनुरोध को निम्नलिखित स्थितियों में अस्वीकार किया जा सकता है:

A. यदि निरीक्षण के लिए वांछित जानकारी की प्रकृति इस प्रकार की है कि यह जाँच और निरीक्षण:

1) एक व्यक्ति के गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन करता है, कारोबार रहस्यों के संबंध में तृतीय पक्षों के साथ किसी अनुबंध का उल्लंघन करता है या तृतीय पक्षों के साथ कोऑप्रेटिव की बातचीत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

2) इस जानकारी के निरीक्षण के इच्छुक सदस्य के हित की संभावित प्रतिस्पर्धा के अनावश्यक अनुपात से परे कोऑप्रेटिव पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

3) कोऑप्रेटिव और इसके अटॉर्नी के मध्य गोपनीय संप्रेषण के विशेषाधिकार का उल्लंधन करता है।

B. यदि जाँच और निरीक्षण एक कपटपूर्ण उद्देश्य, या केवल उत्सुकता शांत करने, या कोऑप्रेटिव के वैध हितों के प्रतिकूल, या ऐसे उद्देश्य के लिए वांछित है जो तर्कसंगत रूप से सदस्य के यथोचित हित को सार्थक नहीं करता है।

C. यदि निरीक्षण के लिए वांछित जानकारी कारोबार रहस्यों या अन्य जानकारी से संबंधित है जो विशेषाधिकार प्राप्त, गोपनीय या स्वाधिकृत है।

6. मैं कोऑप्रेटिव के सदस्यो की किसी सूची को बिक्री करने या बिक्री के प्रस्ताव का इच्छुक नहीं हूँ, और मैं पाँच वर्ष की अवधि में सदस्यों की कोई सूची हासिल करने में मददगार या दुष्प्रेरित नहीं था, और अब भी ऐसे उद्देश्य के लिए किसी व्यक्ति का मददगार या दुष्प्रेरित नहीं हूँ और अनुरोध करने पर इन वस्तुओं को लौटाने के लिए सहमत हूँ।

7. मैं कोऑप्रेटिव की जाँच और निरीक्षण की गई जानकारी को उपरोक्त वर्णित उद्देश्यों के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं करूंगा/गी।

8. मैं कोऑप्रेटिव को अनुरोध की गई जानकारी की प्रति बनाने और/या संप्रेषण की लागतों का पुर्नभुगतान करने के लिए सहमत हूँ यदि मैं कोऑप्रेटिव के विवेकानुसार ऐसा प्रतिलिपि या संचारित करने की लागत न्यूनतम लागतों से अधिक होती हैं। इसके अलावा मैं सहमत हूँ कि ऐसा प्रतिलिपि या संचारित कार्य कोऑप्रेटिव के परिसर में होगा और कोऑप्रेटिव द्वारा निश्चित समय पर कोऑप्रेटिव द्वारा स्वीकार्य डेटा प्रारूप में और कोऑप्रेटिव के एक या अधिक कर्मचारियों या इसके अटॉर्नी की उपस्थिति में होगा जो आयटमों को प्रतिलिपि या संचारित करने के दौरान अधिकार में रखेंगे।

____

(हस्ताक्षर)

____

(अंकित नाम)

इस तारीख ____ ________________, 2_____ को जमा और प्रमाणित किया गया।

____

(नोटरी)

(सील)

SAWNEE ELECTRIC MEMBERSHIP CORPORATION
(सांनी इलेक्ट्रिक मेम्बरशिप कॉरपोरेशन)

दस्तावेज़ "B"

<u>सदस्य जानकारी जारी करने के लिए प्राधिकार</u>

मैं, ______________________________________, SAWNEE ELECTRIC MEMBERSHIP CORPORATION ("कोऑप्रेटिव") का/की सदस्य एतद् द्वारा कोऑप्रेटिव को निर्दिष्ट की गई जानकारी____ को संबंधित उद्देश्य के लिए जारी करने के लिए प्राधिकृत करता/ती हूँ:

____

____

____

अनुरोधकर्ता पक्ष: ____

पता: ____

(स्ट्रीट)

____

(शहर) (राज्य) (जिप)

____

(टेलीफोन नम्बर) (कोऑप्रेटिव अकाउंट नम्बर)

वांछित जानकारी: ____

____

____

____

____

(हस्ताक्षर)

____

(अंकित नाम)

इस तारीख ____ ________________, 2_____ को जमा और प्रमाणित किया गया।

____

(नोटरी)

(सील)